ult: Pass

...s without late fee

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक / परीक्षा / 2026 / 2620

जबलपुर, दिनांक 12/11/2026

अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि सत्र 2026–27 में विश्वविद्यालय से संबद्ध जबलपुर / नरसिंहपुर / मंडला / डिण्डोरी / कटनी जिलों के शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों में एम.बी.ए. / एम.बी.ए. (एम. एम.) / एम.बी.ए. हेल्थ केयर / एम.बी.ए. एडमिनिशटेशन / एम.बी.ए. हॉस्पिटल मैनेजमेंट / एम.बी.ए. बी.ए. (समस्त बांच) / बी.एड. / बी.एड. सांइस / एम.एड. / एम.एड.साइंस / पी.जी.डिप्लोमा इन गाइडेंस / व्यवहारिक मनोविज्ञान स्पेशल बी.एड. तथा विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों में एम.बी.ए. / बी.फार्मा / एम.सी.ए. / बी.एससी. एग्रीकल्चर आदि पाठ्यक्रमों में प्रथम सेमेस्टर / प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्र / छात्राओं के ऑनलाईन नामांकन आवेदन पत्र (Enrolment Form) एम.पी. आनलाईन पोर्टेल के माध्यम से भराये जाने की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है।

महाविद्यालयों एवं शिक्षण विभागों में प्रवेशित छात्र / छात्राओं को निर्धारित तिथि में ऑनलाईन नामांकन / पंजीयन करना अनिवार्य है। तभी परीक्षा आवेदन पत्र भरे जा सकेंगे । छात्र / छात्राए ऑनलाइन पोर्टल से अपने नामांकन नवीनीकरण अनिवार्य रूप से कराये। तभी प्रवेश कन्फर्म माना जावेगा ।

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्यगण अधिसूचना को सूचना पटल पर चस्पा कर छात्र / छात्राओं को ऑन लाइन नामांकन करने हेतु सूचित करें ।

ऑनलाइन आवेदन (Enrollment From) भरने की प्रकिया निम्नानुसार होगी:–

क.	समस्त प्रकिया	शुल्क विवरण	आवेदन की तिथि
1.	इस प्रकिया के अंर्तगत व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर / प्रथम वर्ष मे प्रवेशित विद्यार्थी अपना आनलाइन प्रवेश से प्राप्त ID नंबर, जन्मतिथि लेकर एम.पी. आनलाईन के पोर्टल पर अंकित करेंगे (Enrolment /Registration Form) भरने के उपरांत महाविद्यालय में जमा करायेंगे (All Student Must Fill Enroll. Cum Registration From)	नामांकन शुल्क 500 / – इमीग्रेशन शुल्क 4000 / – (व्यवसायिक पाठ्यकम) म.प्र. से बाहर के राज्यों के बोर्ड / वि.वि. इमीग्रेशन शुल्क 500 / – (सामान्य पाठ्यकम) म.प्र. से बाहर के राज्यों के बोर्ड / वि.वि.	यह प्रकिया बिना विलंब शुल्क के साथ दिनांक 12.11.2026 से 16.11.2026 तक उपलब्ध रहेगी विलंब शुल्क रू. 500 / – के साथ दिनांक 18.11.2026 तक
2.	छात्रों द्वारा Enrolment Form की प्रति संबंधित महाविद्यालय / विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में जमा करेंगे ।	—	दिनांक 20.11.2026 तक
3.	महाविद्यालय द्वारा (Document Verification) कर Document वि.वि. में भेजने की अंतिम तिथि	—	23.11.2026 तक

नोट :– उपरोक्त निर्धारित तिथियों में महाविद्यालय द्वारा छात्र / छात्राओं के नामांकन सूची एक्सेल सीट के साथ प्रिंट आउट संलग्न प्रमाण–पत्रों के साथ **विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में जमा करे** ।

1. उपनाम परिवर्तन हेतु छात्रायें रूपये 100/– के मूल शपथ पत्र के साथ एवं नाम परिवर्तन शुल्क 850/– विश्वविद्यालय परिसर स्थित क्यू आर कोड के माध्यम से जमा करने के बाद नामांकन शाखा में जमा करें। इसके पश्चात् ही नाम परिवर्तन की कार्यवाही की जायेगी।
2. समस्त महाविद्यालय प्रवेषित विद्यार्थियों को आवश्यक रूप से नामांकन आनलाइन के माध्यम से भरने की सूचना पटल पर चस्पा करें। ताकि छात्र/छात्रायें आनलाइन नामांकन करने से वंचित न रह जाये तथा नामांकन न भरने की स्थिति में छात्र/छात्रायें परीक्षा आवेदन फार्म भरने से वंचित रह जावेंगे। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय एवं वि.वि. शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष की होगी ।
3. छात्रों से नामांकन आवेदन की हार्ड कापी प्राप्त करने के पश्चात महाविद्यालय परीक्षण कर जिन छात्रों ने ऑनलाईन पोर्टल से इमीग्रेशन वं नवीनीकरण शुल्क जमा नहीं किया है महाविद्यालय द्वारा उक्त शुल्क जमा करना अनिवार्य है ।
4. ऐसे विद्यार्थी जिनका एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से नामाकंन किया गया है, इन विद्यार्थियों के प्रकरणो का महाविद्यालय स्तर पर परीक्षण किया जाए तथा शुल्क विसंगति होने पर इमीग्रेशन/नवीनीकरण शुल्क की अंतर राशि को विश्वविद्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

संलग्न प्रमाण–पत्रों की सूची निम्नानुसार हैः–

- माइग्रेशन एवं टी.सी. के संबंध में (वचन पत्र)
- Proof of Date of Birth (जन्म तिथि हेतु अंकसूची की प्रति)
- Mark sheet (10वीं, 12वीं एवं स्नातक अंतिम वर्ष की अंकसूची)
- Migration Certificate Original (प्रवेजन प्रमाण पत्र मूलप्रति)
- Eligibility Certificate (पात्रता प्रमाण पत्र)

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक 12/11/26
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2026/2620 अ

जबलपुर, दिनांक 12/11/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–
01. समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
02. परीक्षा नियंत्रक, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
03. वित्त नियंत्रक लेखा, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
04. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर, संभाग जबलपुर ।
05. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), रा.दु.वि.वि. जबलपुर ।
06. प्रभारी नोडल अधिकारी ऑनलाईन नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित करे ।
07. माननीय कुलगुरू जी/कुलसचिव जी के निज सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
08. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर इस निवेदन के साथ कि बेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक 12/11/26
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

सत्र 2026–27

क्र.	नामांकन क्र.	छात्र का नाम	पिता का नाम	माता का नाम	बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय का नाम	प्रवेशित पाठ्यक्रम का नाम	नामांकन शुल्क	इमीग्रशन शुल्क	नवीनीकरण शुल्क	कुलराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11

प्राचार्य,